CBSE Class 12 Hindi Elective 2015 - Set Foreign Set 1

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में दिए गए आंतरिक विकल्पों का पालन कीजिए।

(iii) दिए गए निर्देशों और शब्द-सीमाओं का पालन करते हुए उत्तर लिखिए।

(iv) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

Section खंड क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

विदेश नीति तय करते हुए सुरक्षा सम्बन्धी हमारी प्राथमिकताओं में सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि हम विश्व में सबसे अधिक हथियार खरीदने वाले देशों में गिने जाते हैं। इसका राष्ट्रीय सुरक्षा में बड़ा महत्त्व है। राष्ट्रीय संसाधनों का बड़ा हिस्सा हथियार खरीदने और उनकी समयबद्ध आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए मौजूद है। दूसरी तरफ, घरेलू रक्षा विनिर्माण अपने शुरुआती चरण में ही है और बड़े निवेश और महत्त्वपूर्ण तकनीक के हस्तांतरण के बग़ैर यह विकास नहीं कर सकता। हमें देखना होगा कि हमारी निर्भरता कम हो और देश में हथियारों का उत्पादन अधिक हो।

एक और प्राथमिकता नए ऊर्जा स्रोतों तक पहुँच सुनिश्चित करना है। भारत की विकास-यात्रा में ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियाँ ग़ैर-हाजिर हैं। पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा आयातक होने के कारण भारत अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल के उत्पादन और दाम में आते उतार-चढ़ाव के कारण आर्थिक मुश्किलों का सामना करता रहा है। नए ऊर्जा स्रोतों तक सुरक्षित पहुँच की स्पर्द्धा हाल के वर्षों में तेज़ हुई है। पश्चिम एशिया और मध्य एशिया में ऊर्जा के सस्ते स्रोतों के भंडार हैं, जो लंबे समय के अविश्वास के कारण अब तक इस्तेमाल नहीं हुए। इसी तरह, नदी जल का बँटवारा और हिमालय की नदी-प्रणाली के विद्युतीय सामर्थ्य का दोहन भारत के सरहदी राज्यों के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। भारत की भावी विदेश नीति इसके भविष्य की ऊर्जा ज़रूरतों को उपेक्षित रखकर पूरी नहीं हो सकती।

अंतिम प्राथमिकता है भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर के अभाव को पूरा करना। आधारभूत ढाँचे से जुड़ी ज़रूरतें हैरत में डालने वाली हैं और देश के विकास-सामर्थ्य को हासिल करने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। दरअसल, आज के अधिकतर विकसित देशों में आर्थिक समृद्धि के आने से पहले इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में बड़े पैमाने पर विकास हुआ। भारत की सड़कों, बंदरगाहों, रेलवे, विमानन, ऊर्जा और दूरसंचार के क्षेत्रों को अत्याधुनिक तकनीक के अलावा काफी निजी निवेश की भी ज़रूरत है। यह वह क्षेत्र है, जहाँ साझेदार देशों के लिए एक सुखद स्थिति होगी और इसलिए भारत की विदेश नीति के ढाँचे में यह एक महत्त्वपूर्ण तत्त्व है।

1(क). प्रस्तुत गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

1(ख). सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बात क्या है?

1(ग). सुरक्षा की प्राथमिकताओं में क्या-क्या करने की आवश्यकता है?

1(घ). पेट्रोलियम के मामले में भारत को सर्वाधिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना क्यों करना पड़ता है?

1(ङ). जल-विद्युत् के क्षेत्र में हमें क्या करने की ज़रूरत है?

1(च). 'इन्फ्रास्ट्रक्चर' से क्या तात्पर्य है? यह क्यों महत्वपूर्ण है?

1(छ). भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर के किन क्षेत्रों में अधिक निवेश की आवश्यकता है?

1(ज). भारत की विदेश नीति में कुल मिलाकर किन-किन प्राथमिकताओं का उल्लेख किया गया है?

1(झ). भारत के सीमावर्ती राज्यों के लिए ऊर्जा के किस विकल्प की बात की गई है? क्यों?

1(ञ). एक उपसर्ग और एक प्रत्यय अलग कीजिए - प्राथमिकता।

1(ट). मिश्र वाक्य में बदलिए: 'राष्ट्रीय संसाधनों का बड़ा हिस्सा हथियार खरीदने और उनकी समयबद्ध आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए मौजूद है।'

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क्या कुटिल व्यंग्य! दीनता वेदना से अधीर, आशा से जिनका नाम रात-दिन जपती है,
दिल्ली के वे देवता रोज कहते जाते, 'कुछ और धरो धीरज, किस्मत अब छपती है।'

किस्मतें रोज छप रहीं, मगर जलधार कहाँ? प्यासी हरियाली सूख रही है खेतों में,
निर्धन का धन पी रहे लोभ के प्रेत छिपे, पानी विलीन होता जाता है रेतों में।

हिल रहा देश कुत्सा के जिन आघातों से, वे नाद तुम्हें ही नहीं सुनाई पड़ते हैं?
निर्माणों के प्रहरियो! तुम्हें ही चोरों के काले चेहरे क्या नहीं दिखाई पड़ते हैं?

तो होश करो, दिल्ली के देवो, होश करो, सब दिन तो यह मोहिनी न चलनेवाली है,
होती जाती है गर्म दिशाओं की साँसें, मिट्टी फिर कोई आग उगलनेवाली है।

2(क). 'दिल्ली के देवता' से कवि का क्या तात्पर्य है? वे जनता को क्या कहते हैं?

2(ख). किसान की दशा का चित्रण काव्यांश के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए।

2(ग). 'निर्माण के प्रहरी' किन्हें कहा है? वे किन बातों की अनदेखी कर देते हैं?

2(घ). काव्यांश में शासक वर्ग को क्या चेतावनी दी गई है?

2(ङ). काव्यांश का संदेश स्पष्ट कीजिए।

Section खंड ख

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए: (क) अन्तर्जाल (इंटरनेट) और विद्यार्थी (ख) अनेकता में एकता भारत की विशेषता (ग) प्राकृतिक आपदाएँ (घ) लोकतंत्र में समाचार-पत्रों का महत्त्व

4. बहुभाषी देश भारत में भाषाओं का मुद्दा संवेदनशील है। किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखकर एक अतिरिक्त भाषा पढ़ने के लाभों पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

OR

4. आपकी बस्ती के निकट कोई सार्वजनिक चिकित्सालय न होने से मरीजों को दूर ले जाना कष्टकर है और प्राय: गंभीर मरीजों का असमय देहांत हो जाता है। इस समस्या की ओर स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए एक चिकित्सालय खोलने का आग्रह कीजिए।

5(क). 'समाचार' शब्द को संक्षेप में परिभाषित कीजिए।

5(ख). टी.वी. के सबसे लोकप्रिय जनसंचार माध्यम होने के क्या कारण हैं?

5(ग). 'स्टिंग ऑपरेशन' किसे कहा जाता है? क्यों?

5(घ). 'पत्रकार की वैसाखियों' का केवल नामोल्लेख कीजिए।

5(ङ). 'उलटा पिरामिड शैली' से क्या तात्पर्य है?

6. कल्पना कीजिए कि कश्मीर की बाढ़ के बाद आप पत्रकार के रूप में वहाँ गए थे। इस आपदा के व्यापक प्रभाव और धीरे-धीरे सामान्य होते जनजीवन पर एक आलेख लिखिए।

OR

6. नदियों में बढ़ रहे प्रदूषण और उससे निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की अपर्याप्तता पर एक आलेख लिखिए।

Section खंड ग

7. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

यह वह विश्वास, नहीं जो अपनी लघुता में भी काँपा,
वह पीड़ा, जिसकी गहराई को स्वयं उसी ने नापा;
कुत्सा, अपमान, अवज्ञा के धुँधुवाते कड़वे तम में
यह सदा-द्रवित, चिर-जागरूक, अनुरक्त-नेत्र
उल्लंब बाहु, यह चिर-अखंड अपनापा।

OR

7. अद्भुत है इसकी बनावट
यह आधा जल में है
आधा मंत्र में
आधा फूल में है
आधा शव में
आधा नींद में है
आधा शंख में
अगर ध्यान से देखो
तो यह आधा है
और आधा नहीं है।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'बारहमासा' पाठ के आधार पर किन्हीं तीन महीनों में नागमती के विरह का वर्णन कीजिए।

(ख) राम-वन-गमन के बाद कौसल्या की मनोदशा का वर्णन तुलसी के पदों के आधार पर कीजिए।

(ग) 'गीत गाने दो मुझे' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो काव्यांशों का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :

(क) हेम-कुंभ ले उषा सवेरे – भरती ढुलकाती सुख मेरे।
मदिर ऊँघते रहते जब – जगकर रजनी भर तारा।

(ख) पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह जल बाढ़े ॥
कहब मोर मुनिनाथ निबाहा। एहि तें अधिक कहौं मैं काहा ॥

(ग) इस पथ पर मेरे कार्य सकल
हों भ्रष्ट शीत के-से शतदल!
कन्ये, गत कर्मों का अर्पण
कर, करता मैं तेरा तर्पण।

10. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

मैं तो केवल निमित्त मात्र था। अरुण के पीछे सूर्य था। मैंने पुत्र को जन्म दिया, उसका लालन-पालन किया, बड़ा हो जाने पर उसके रहने के लिए एक विशाल भवन बना दिया, उसमें उसका गृह-प्रवेश करा दिया, उसके संरक्षण और परिवर्धन के लिए एक सुयोग्य अभिभावक डॉ. सतीशचंद्र काला को नियुक्त कर दिया और फिर मैंने सन्यास ले लिया।

OR

10. मनुष्य जी रहा है, केवल जी रहा है, अपनी इच्छा से नहीं, इतिहास-विधाता की योजना के अनुसार। किसी को उससे सुख मिल जाए बहुत अच्छी बात है; नहीं मिल सका, कोई बात नहीं, परंतु उसे अभिमान नहीं होना चाहिए। सुख पहुँचाने का अभिमान अगर ग़लत है तो दुख पहुँचाने का अभिमान नितरां ग़लत है।

11. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'मनोकामना की गाँठ भी अद्भुत, अनूठी है, इधर बाँधो उधर लग जाती है', कथन के आलोक में पारो और संभव की मनोदशा पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'साहित्य थके हुए मनुष्य के लिए विश्रांति ही नहीं है, वह उसे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित भी करता है।' 'यथास्मै रोचते विश्वम्' पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'जहाँ कोई वापसी नहीं' में लेखक ने 'आधुनिक भारत के नए शरणार्थी' किन्हें कहा है? औद्योगीकरण की इस त्रासदी को स्पष्ट कीजिए।

12. असगर वजाहत अथवा ममता कालिया के जीवन और उनकी रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए और उनकी भाषा-शैली की दो प्रमुख विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

OR

12. केदारनाथ सिंह अथवा विद्यापति के जीवन और रचनाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनकी प्रमुख काव्यगत विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

13. जीवन-मूल्यों के संदर्भ में भैरो, सुभागी और सूरदास के रिश्तों का विश्लेषण कीजिए।

OR

13. 'तुमने सिर पर पहाड़ टूटने की कहावत तो बहुत सुनी होगी, सुनने में बहुत भली नहीं लगती, लेकिन इसकी सच्चाई वही जानता है जिस पर सचमुच का पहाड़ टूटा हो।' 'आरोहण' कहानी में भूपसिंह के उक्त कथन के आलोक में जीवन और जीवन-मूल्यों की रक्षा के लिए उसके संघर्ष पर प्रकाश डालिए।

14(क). 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर बरसात में और बरसात के बाद की प्रकृति और ग्रामीण जीवन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

14(ख). 'अपना मालवा .....' पाठ के लेखक को क्यों लगता है कि हम जिसे विकास की औद्योगिक सभ्यता कहते हैं वह उजाड़ की अपसभ्यता है?

- End of Question Paper -